सं. ईपी/30/2020- आर्थिक प्रभाग

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

*****

कौशल भवन, न्यू मोती बाग,
नई दिल्ली - 110023
दिनांक: 05.08.2024

रिक्ति परिपत्र

विषय: राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) में अध्यक्ष के पद को भरना।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार ने व्यावसायिक प्रशिक्षण दोनों को विनियमित करने के लिए 5 दिसंबर 2018 को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) को देश में दीर्घावधि एवं अल्पावधि एक व्यापक नियामक के रूप में कार्य करने के लिए अधिसूचित किया। एनसीवीईटी को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) और राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) को मिलाकर एक गैर-सांविधिक नियामक प्राधिकरण के रूप में अधिसूचित किया गया है।

2. राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) में अध्यक्ष के पद के लिए भारतीय नागरिकों से दिए गए प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

3. **पारिश्रमिक:** 2,25,000/- रुपए प्रति माह (निश्चित) और भारत सरकार के सचिव स्तर के स्वीकार्य भत्ते। पारिश्रमिक व्यय विभाग और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

4. **पात्रता:** आवेदक योग्य, ईमानदार और प्रतिष्ठित व्यक्ति होने चाहिए, जिन्हें व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, लोक प्रशासन या संबंधित क्षेत्रों में कम से कम पंद्रह वर्ष का विशेष ज्ञान और पेशेवर अनुभव हो। आवेदक जो सरकार की सेवा में है या रहा है, उसे भारत सरकार में सचिव/अपर सचिव या केंद्र सरकार या राज्य सरकार में कोई समकक्ष पद धारण किया हो या कर चुका हो।

5. **आयु सीमा और कार्यकाल:** अध्यक्ष पांच वर्ष की अवधि या पैंसठ वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक आवेदक की आयु 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6. चयन समिति को, पात्रता एवं अन्य मानदंडों को उपयुक्त रूप से संशोधित करने का अधिकार है, तथा उन उत्कृष्ट उम्मीदवारों पर भी विचार करने का अधिकार है, जिन्होंने पदों के लिए आवेदन नहीं किया है।

7. **पुष्टिकारक दस्तावेज़:** जो सरकारी सेवा से हैं उन्हें आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित पुष्टिकारक दस्तावेज़ की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

(क) अभ्यर्थी की पिछले 5 वर्षों की अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/एपीएआर डोजियर की मूल/सत्यापित फोटोकॉपी;

(ख) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र;

(ग) सतर्कता मंजूरी प्रमाण-पत्र कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही या आपराधिक कार्यवाही लंबित या विचाराधीन नहीं है;

(घ) अभ्यर्थियों पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची, यदि कोई हो; और

(ङ) यह पुष्टि करने वाला प्रमाण-पत्र कि अधिकारी पर कोई दंड नहीं लगाया गया है।

8. दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन पत्र एक पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ एक बंद लिफाफे में उचित माध्यम से निम्नलिखित पते पर या ईमेल ecopol-msde@gov.in माध्यम से भेजा जाना चाहिए, जिस पर लिखा होना "एनसीवीईटी के अध्यक्ष पद के लिए आवेदन" :चाहिए

संयुक्त निदेशक (ई एंड पी)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
कमरा संख्या 318, कौशल भवन,
न्यू मोती बाग, नई दिल्ली-23

9. आवेदन का प्रारूप और पात्रता शर्तों आदि के बारे में विवरण कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की वेबसाइट http://www.msde.gov.in पर देखा जा सकता है।

आवेदन पत्र 30 सितंबर, 2024 को शाम 5:30 बजे या उससे पहले उपर्युक्त पते पर पहुंच जाना चाहिए।

नवीन कुमार,
संयुक्त निदेशक

<u>प्रपत्र</u>

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) में अध्यक्ष पद के लिए आवेदन

1. अभ्यर्थी का नाम
(बड़े अक्षर में) :

2. जन्म तिथि :

3. वर्तमान पद :

4. किस सेवा से संबंधित हैं :

5. (सरकारी कर्मचारियों के मामले में)
वर्तमान वेतन और वेतनमान :

6. पूरा डाक पता :

(i) स्थायी :

(ii) वर्तमान :

7. शैक्षणिक योग्यता
(i) अकादमिक :

(ii) व्यावसायिक :

8. अनुभव का विवरण एवं संक्षिप्त सेवा विवरण:

क्र.सं	पद (नियमित/तदर्थ)	दिनांक से और दिनांक तक	वेतनमान और मूल वेतन	कर्तव्यों की प्रकृति	पद से संबंधित टिप्पणियां/कोई अन्य जानकारी

9. कृपया बताएं कि क्या आप इस पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं:

10. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो,तो ।

दिनांक:

(आवेदक का हस्ताक्षर)

स्थान:

*निजी क्षेत्र के व्यक्तियों के मामले में, आवेदन के साथ संबंधित सहायक दस्तावेज संलग्न करें।

<u>नियोक्ता द्वारा भरा जाना है (सरकारी कर्मचारियों के मामले में)</u>

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ____________________________ जो इस संगठन में ________________________________ के पद पर कार्यरत हैं, द्वारा दिए गए विवरण सही हैं तथा उनके विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

दिनांक:

हस्ताक्षर

पदनाम